एक लड़की ने अंग्रजी में अपने पिताजी से कहा कि अब कैसे कैसे लोग ए सी में आने लग गए, हमें इनके साथ बैठना पड़ेगा। दूसरी लड़की अंग्रेजी में बोली कि वेशभूषा से तो गवाँर और अनपढ़ लग रहे हैं, पता नहीं कैसे इस डिब्बे में आ गए हैं। यह कहकर वह दूसरी सीट पर जा कर बैठ गयी।

यह सब सुनकर उषा को बड़ा दुःख हुआ। गरीबी ने दोनों को बहुत सहनशील बना दिया था। यह सच भी था कि उनकी हैसियत इसमें चलने की नहीं थी, परन्तु क्या इंसान को बाहरी आडम्बर से परखना ठीक है। बस यही सोचकर उषा ने उनसे अंग्रेजी में कहा -'आपका कहना ठीक है कि हम लोग गरीब हैं और इस डिब्बे में चलने की हमारी हैसियत भी नहीं है।

यह तो हम अपने मालिक की दया से यहाँ हैं, परन्तु क्या ऊपरी वेश भूषा से ही आप इंसान को बड़ा मानती हैं। अंग्रेजी बोलकर क्या आप अपना बड़प्पन दिखाना चाहती हैं। उषा को इस प्रकार धारा प्रवाह अंग्रेजी बोलते देखकर उनकी जैसे बोलती बंद हो गयी। उन्होंनें अपने व्यव्हार के लिया क्षमा मांगी। आगे का सफर उनके संकोच और उषा के आत्म विश्वास में कट गया। हाँ, इस हादसे से उषा के मन में यह भावना दृढ़ हो गयी कि अंग्रेजी बोलने और जानने वाले औरों को अपने से छोटा समझते हैं। उषा ने १२वी की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में बहुत अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण की। स्कूल द्वारा उसको सम्मानित भी किया गया।

गांव में बीमारी की वजह से उषा की माँ की मृत्यु हो गयी। माँ की मृत्यु के पश्चात उषा गुमसुम  रहने लगी। वह आगे पढ़ना चाहती थी परन्तु अपने पिताजी को भी अकेला नहीं छोड़ना चाहती थी। गांव में खाली समय में वह कोठी में आ जाती और घर के काम काज में मदद करती। नंदन और किरण अब विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। उषा की प्रतिभा देखकर वह उसको आगे पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते। बुधुआ भी उषा को जब यों चुप बैठे देखता तो दुखी हो जाता। सबके कहने पर उषा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक में दाखिला ले लिया।

उसकी पढ़ाई का खर्च ठाकुर साहब ही उठाते थे। उसके कोई शौक तो थे नहीं इसलिए उसका अधिकांश समय पढ़ाई में ही बीतता। अंततः उसने स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। स्नातक की पढ़ाई के पश्चात उषा गांव में आ गयी। वह अब नौकरी करके गांव में ही शिक्षा के स्तर को सुधारना चाहती थी। सौभाग्य से उन्ही दिनों सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकला। उसने अर्जी भेज दी। उसने भर्ती परीक्षा भी पास कर ली। उसकी योग्यता को देखते हुए उसकी अध्यापक के रूप में नियुक्ति कर दी गयी। ठाकुर साहब की पहचान के कारण उसको अपने ही गांव में इण्टर कॉलेज में अध्यापक नियुक्त कर दिया गया। सभी इससे बहुत खुश थे। उसको यहाँ अन्य विषयों के अलावा कक्षा ६ के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गयी। उसने पत्राचार द्वारा स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी शुरू कर दी थी। स्कूल में वह बच्चों को बहुत लगन और उत्साह से पढ़ाती थी जिससे प्रधानाचार्य बहुत प्रसन्न थे। एक दिन ज़िले के कलेक्टर ने तहसील का दौरा किया। वहां जांच के पश्चात वह अकस्मात वहां के इण्टर कॉलेज में व्यवस्था देखने के लिए आ गए। वहां उषा ने उनका अभिवादन किया। वह कक्षा ६ में आ गए और बच्चों की पढ़ाई और उनके भाषा ज्ञान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां बच्चों से कुछ सवाल पूछे  जिसका बहुत संतोष जनक उत्तर बच्चों ने दिया। जब उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी में प्रश्न किया तो

बच्चों से अंग्रेजी में जबाब सुनकर हतप्रभ रह गये। एक सरकारी स्कूल में जहाँ शिक्षा का माध्यम हिंदी हो, बच्चों के इस अंग्रेजी ज्ञान से वह बहुत प्रभावित हुए। प्रधानाचार्य ने इसका श्रेय उषा को दिया। कलेक्टर साहब ने भी उषा की बहुत प्रशंसा की।

अपने खाली समय में उषा छोटी छोटी कहानियां लिखती रहती। वह साथ ही साथ एक उपन्यास भी अंग्रेजी में लिख रही थी। इसकी चर्चा वह किसी से नहीं करती सिवाय किरण से क्योंकि उसे लगता था कि लोग उसका उपहास न करें। ठाकुर साहब के एक मित्र का लड़का कोलकाता से उनके यहाँ किसी कार्यवश आया हुआ था। उसका प्रकाशन का बहुत बड़ा व्यवसाय था किरण ने उनसे उषा के इस लेखन कार्य के बारे में बताया तो उन्होंने रचनाएँ देखने की इच्छा व्यक्त की। एक दो कहानियां पढ़ने के बाद उन्हें लगा कि यह बहुत उच्चस्तरीय रचनाएँ हैं जिनका प्रकाशन किया जाना चाहिए। उन्होंने उषा से समस्त रचनाएँ और उपन्यास अपने साथ कोलकाता ले जाने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि वह इनको प्रकाशित भी करना चाहेंगे। उषा को बिलकुल भी विश्वास नहीं हुआ, उसने खुशी ख़ुशी उनको समस्त रचनाएँ सौंप दी। कोलकाता जाकर उन्होंने उषा जी की कहानियों का संग्रह -'उषा की कहानियां ' नाम से और अंग्रेजी उपन्यास 'माय इंग्लिश माय वर्ल्ड ' के नाम से प्रकाशित कर दिया।

प्रकाशक ने इनका काफी प्रचार किया और देखते देखते दोनों प्रकाशन बहुत चर्चित हो गए । इनकी प्रतियां काफी संख्या में बिकने लगी जिसकी सफलता की सूचना उन्होंने उषा को भी दे दी। लोग भी इस नवोदित लेखिका को जानना और देखना चाहते थे। वह भी इस सफलता से बहुत खुश थी। उसे सब लोगों की बधाई मिल रही थी। प्रकाशकों ने उसके सम्मान में कोलकाता में एक सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमे आने के लिए उससे अनुरोध किया गया। नियत तिथि पर वह समारोह स्थल पर अकेले ही पहुँच गयी। आयोजन स्थल पर उन्हें कोई पहचानता नहीं था अतः वह वहां पहुंचकर अन्य आये हुए मेहमानो के बीच जाकर बैठ गयीं। सिर्फ प्रकाशक ही उन्हें पहचानते थे परन्तु किसी आवश्यक कार्यवश उन्हें वहां पहुंचने में विलम्ब हो गया था। उनके न पहुंचने के कारण कार्यक्रम में थोड़ा विलम्ब हो गया था। उषा जी के बगल में बैठी महिला ने बातचीत करने के उद्देस्य से पूछा- ‘क्या आपने उषा जी की कहानी मन मंदिर पढ़ी है? उसमे उन्होंने जो नायक है उसकी पत्नी का बहुत ही भावुक चित्रण किया है।’

'हाँ, नायक सुमंत की अल्पायु में मृत्यु के कारण उसके चित्रण में वेदना ही अधिक थी 'उषा ने कहा’।

'लगता है आपने बहुत गंभीरता से सारी कहानियां पढ़ी हैं' उस महिला ने कहा।

'जब मैंने ही कहानियां लिखी हैं तो न पढ़ने का प्रश्न ही नहीं' उषा ने कहा।

वह महिला भोंचक्की सी उन्हें देखने लगी। ' क्या आप ही उषा जी हैं? '

'हाँ' उषा ने कहा।

हाल में एकदम शोर मचने लगा। उषा जी आ गयीं हैं और हम सब के बीच ही बैठी हैं। लोग अपनी सीटें छोड़ कर वहां जमा हो गए। इसी बीच में प्रकाशक महोदय भी आ गये, उन्होंने जब शोर सुना और भीड़ देखी तो वह भी वहां आ गए। उषा जी को वहां देखकर वह बहुत परेशान हो गए। वह उन्हें भीड़ से निकालकर मंच पर ले गए। उन्होंने मंच पर आकर सार्वजनिक रूप से उषा जी से क्षमा मांगी। उनका आये हुए विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें सरस्वती जी की एक कांस्य प्रतिमा सम्मान स्वरुप दी गयीं। प्रकाशक द्वारा उन्हें ५ लाख रुपये का एक चेक भेंट किया गया। . उनकी रचनाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की गयीं। अंत में उनसे प्रार्थना की गयीं कि वह सबको सम्बोधित करें। उषा जी अपने स्वागत से अभिभूत थीं। आज पहली बार ऐसे मंच पर, इतने विशिष्ट व्यक्तियों के बीच उन्हें अपनी बात कहने का मौका मिला था। उन्होंने कहा -'हमारा जन्म एक अत्यंत गरीब परिवार में हुआ था। हमारी सारी पढ़ाई और जीवन यापन हमारे संरक्षक ठाकुर साहब की उदारता से संभव हुआ। गांव से शिक्षा की शुरुवात हुई जहाँ शिक्षा का माध्यम हिंदी था। अंग्रेजी ना जानने के कारण कई बार अपमानित होना पड़ा। भविष्य में जब अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिला तो यह सोचकर खूब पढ़ा कि कभी भाषा के कारण अपमानित न होना पड़े।

मैं शुरू से ही यह सोचती कि क्यों एक अंग्रेजी भाषा का जानने वाला बड़ा और न जानने वाला छोटा हो सकता है। गांव में  मनोरंजन का कोई साधन नहीं था, अतः खाली समय में अपने मन के भावों को कहानी के रूप में कागज पर लिखते चली गई। क्योंकि अंग्रेजी भाषा का भी समुचित ज्ञान हो गया था तो उपन्यास लिखकर यह बताने का प्रयास किया कि कोई भी भाषा एक माध्यम हो सकती व्यक्त करने की, लोगों को जोड़ने की। यह अहंकार और बड़प्पन की प्रतीक नहीं हो सकती है। मेरे इन प्रयासों को आपने सराहा यह मेरा सौभाग्य है। मैं आभारी हूँ श्री रविंद्र जी की जिन्होंने हमारी रचनाओं को प्रकाशित कर आप तक पहुँचाया ।

उषा जी के सन्देश के उपरान्त वहां काफी देर तक तालियों से हाल गूंजता रहा। लोग उनकी सादगी और विचारों की प्रशंसा कर रहे थे। उषा भी आज पहली बार अपने मन के उद्गार व्यक्त कर बहुत हल्का अनुभव कर रहीं थी।

नोट: कहानी के पात्र, स्थान और कथानक सब काल्पनिक हैं।

Mr. Sushil Mehrotra was born & brought up at Kanpur where he did his post graduation in science. He is presently staying in Moradabad after his retirement as an executive from Indian Bank.



# Inviting members to participate in proof reading, designing and editing of IKMG Patrika

## Basic requirements

### Proof Reading:

- Exceptional command over English and/or Hindi language
- Time Discipline, commitment, and ownership towards the given work
- Collaborative attitude and be able to take constructive feedbacks
- Comfortable to make changes digitally

### Designing and Editing:

- Creative mindset with great attitude for design aesthetics
- Comfortable working on Keynote (Apple), Canva or similar applications
- Time Discipline, commitment, and ownership towards the given work
- Collaborative attitude and be able to take constructive feedbacks

Pls. come forward and participate in this exciting journey of IKMG Patrika. Express your interest to:

Mr. Manoj Puri for Proof reading @ 9871164399
Mr. Sharad Mehrotra for designing and editing @ 9958363661

# अगस्त माह में पड़ने वाले त्योहार

## लेखिका - अर्चना मेहरोत्रा, लखनऊ

### नाग पंचमी

सावन का महीना सबसे अधिक पवित्र होता है। इस समय सर्प भी बहुत निकलते दिखाई पड़ते हैं। भगवान शिव के गले मे ऩागों की माला पड़ी रहती है। सनातन दर्शन के अनुसार शिव का अर्थ है सदैव सहिष्णु रहते हुए कल्याण करते रहना, भले ही बिष पीना पड़े या विष धारण करना पड़े।  सर्प भले ही विषधर हो परन्तु मनुष्य के लिये कल्याणकारी ही होता है। मनुष्य को हानि पहुंचाने वाले कीट पतंगें व चूहों को खाकर हानि से बचाता है।  भगवान विष्णु की शैय्या भी शेष नाग की ही है। जैन सम्प्रदाय मे



भगवान पार्श्व नाथ पर भी छत्र छाया नाग राज की ही है। सनातन धर्म हमें यही शिक्षा देता है कि हम सदैव सहिष्णु रहते हुए जीना सीखे। किन्तु आपत्ति काल मे ऩाग जैसे विष का प्रयोग करके आपत्ति कारक शत्रु का समूल विनाश करें। इसलिए हम नाग देवता को दूध व खीर का भोग लगा कर पूजते हैं। क्योंकि वह मनुष्य का परम मित्र और शुभ करता है।

## स्वतंत्रता दिवस

१५ अगस्त १९४७ को रात १२ बजे भारत के लिए आजादी की घोषणा की गई जिससे सारा देश आनन्द विभोर हो गया। किन्तु देश आजाद तो नहीं हुआ अपितु सत्ता का हस्तांतरण अंग्रेजों के चमचों को कर दिया गया। आज भी हम गुलामी की चादर ओढ़े हुए हैं। दुनियां के सभी देशों ने उनन्ति अपनी मातृ भाषा में की है। हम अंग्रेजी के गुलाम अपनी वेष भूषा का लबादा भी अंग्रेजीयत में डाले हुए हैं। बच्चों को अपनी मातृभाषा की या स्थानीय भाषा की सीख न देकर अंग्रेजी के शब्दों से ही शुरुआत करवाते हैं। आज दुनिया के कई देश भारतीयता को अपना रहें हैं। ह्वाइट हाउस में भी हिन्दी मे काम काज की मान्यता मिल चुकी है। समय ने पल्टा खाया और हकीकत में अब हमें आजादी का अनुभव होने लगा है।




## रक्षा बंधन

भारत में रक्षा बंधन का त्योहार भाई और बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने वाला पर्व है। रक्षा बंधन का अर्थ है रक्षा का बंधन, यह पर्व हर साल श्रावण मास पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की रक्षा के लिए उसकी कलाई पर 'राखी' नामक पवित्र धागा बांधती है। श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला रक्षा बंधन भारत का सबसे लोकप्रिय त्योहार है। राखी के त्योहार को लेकर कई प्राचीन कहानियां प्रचलित हैं। अगर हम इतिहास  देखें तो भाई और बहन के बीच प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन युद्ध में जीत का भी प्रतीक है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीन काल में देवताओं और राक्षसों के बीच महायुद्ध हुआ, जो लगातार 12 साल तक चला। इस युद्ध के अंत में देवताओं की हार और राक्षसों की जीत हुई। इस जीत के बाद राक्षसों ने देवताओं के राजा इन्द्र के सिंहासन पर कब्जा कर लिया। उनका पाप लगातार बढ़ता गया और उन्होंने तीनों लोकों पर भी कब्जा कर लिया। जब तीनों लोकों में देवताओं की हार हुई तो, सभी देवता मिलकर देवताओं के आध्यात्मिक गुरु बृहस्पति देव के पास गए और उनसे मदद मांगी।




गुरुदेव बृहस्पति ने देवराज इन्द्र को जीत के कुछ मंत्र दिए और उनका जाप करने को कहा, जिससे उनको सुरक्षा मिल सके। बृहस्पति ने इन्द्र को पूजा का पूरा विधान बताया

और कहा की श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन से मंत्रों के जाप की प्रक्रिया शुरू करें। बृहस्पति देव ने इन्द्र को एक अभिमंत्रित ताबीज दिया। इस ताबीज को इन्द्र की पत्नी शची 'इंद्राणी' ने उनकी दाहिनी कलाई पर बांध दिया। जिसके बाद इन्द्र देव ने बृहस्पति देव के दिए मंत्रों का विधिपूर्वक जाप शुरू किया।

पूजा-पाठ पूरा करने के बाद इन्द्र को भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद मिला। इन आशीर्वादों के कारण, भगवान इन्द्र ने राक्षसों को युद्ध में हरा दिया और तीनों लोकों पर देवताओं का आधिपत्य पुनः स्थापित किया। इस जीत के बाद हर वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाने लगा। वर्तमान में, रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम के साथ साथ बाजारवाद का भी पर्याय बन गया है। भाई बहन के मन के प्यार पर अब बाजारवाद हावी है, हर तरफ रक्षा बंधन केवल दिखावा होता जा रहा है। इस सम्बन्ध को समझना होगा और रक्षा बंधन के पवित्र त्योहार को उसका मूल स्वरुप देना होगा।

Ms. Archana Mehrotra resides in Lucknow and enjoys doing yoga, exploring new places, gardening, listening to music and watching movies.



# Personality of the month



www.facebook.com/profile.php?id=100007128370643

twitter.com/ShreyaK99267951

https://youtube.com/channel/UCMbJodBwJGretaU2wIEpmFw

https://www.Instagram.com/invites/contact/?i=1s2h2eb2yge5a&utm_content=3g62em1

## Excellence awards:

- Bravo Book of World Record For "Excellence in Live Singing Performance" 2019.
- Innovative Achiever Award 2019 by Vrishka Book of World Record for Excellence in Live Singing Performance




## TV reality shows:

- Indian Talent Fight Season-2 (MTV)
- Next Singing Superstar (9XM)
- Dhamaal India Dance Season-6 Achieve 1st
- Runner UP Price in TV Reality Show -2019
- Perform on Promotion Show Of Colours TV
- Channel Show "India's Got Talent"
- Perform On Promotion Show Of Colours TV
- Channel Show "Rising Star"

## Special awards:

- National Iconic Personality Award 2019-20 By Purwar Achiever Foundation At New Delhi.
- Maharani Laxmi Bai Nari Shakti Samman-2020
- “Pride Of Nation Award" By Curiousity Crown at New Delhi
- “Sai Sitare Award" at New Delhi
- “Prabhat Prestigious Award"
- “Lucknow Ratan Award" By Kalma Film's & Broadcaster
- “Laadli Singer Award" By A to Z Brand Communication
- “Pride Of Kanpur Award"
- Dhruv Star Award 2019-20 in Season-4
- U.P Achievement Award 2019-20
- Super Daughter Award 2019-20
- Awadh Gaurav Award 2019-20
- Award For Excellence-2019 As a Solo Singer By "Pragati Sarv Kalyan Samiti"

## Singing Achievement

- First Solo Singing Performance in "Zee Mount Litterea School"
- First Runner-up Award at "Shaan of UP-2018"
- First Runner-up Award at Sangam kala Group in Non Filmy Category
- Second Runner-UP in Utimate Talent Show Down
- First Runner-UP in Talent Hunt Show
- First Runner-UP in Rising Star Show
- Second Runner-UP in Bride Star Hunt Season-3
- First Runner-UP in Top Model of UP & UK - 2018
- Second Runner-up in Shaan Of Lucknow
- Achieve Father's India Award 2019 at Lucknow
- Performed On Independance Day Celebration By J.P.S Welfare Foundation
- Performed On Organized Perform by P.B News 24
- Performed On World Pollution Day
- Performed On Finale at Gaurvanjali Sammiti
- Performed On Finale at Shubhanjali Kala Ratnam
- Performed On New Year Dj Night By S.B.E Group
- Performed On Mother's Day Program - 2019
- Performed On Unplugged Art & Music Festival Award 2019
- Performed On Talent Star Award 2019.
- Performed On Musical Programme By Rajat Shri Foundation.

# संगीत का महत्व

## लेखिका - श्रीमती ऋतु अग्रवाल, मेरठ

भारतीय सभ्यता और संगीत के उद्भव, उत्थान और विकास में संगीत का अप्रतिम योगदान है। संगीत एक ललित कला है जो गायन, वादन और नृत्य के सम्मिश्रण का अद्भुत संगम है। संगीत आत्मा एवं ह्रदय को आनंद से सराबोर कर देने वाला अनुपम माध्यम है जो व्यक्ति को आंतरिक अलौकिकता के दर्शन कराता है।

संगीत का उद्भव 'ॐ' नाद से हुआ है। 'ॐ' नृत्य एवं संगीत के प्रणेता भगवान शिव का आगम स्त्रोत है। विभिन्न नादों में से कर्णप्रिय श्रुतियों के मंथन से उत्पन्न सुमधुर 12 स्वरों के मेल से समूचा संगीत उत्पन्न हुआ है। संगीत अपने दो स्वरूपों में दिव्यता का अनुभव कराता है। संगीत के दो रूपों का उल्लेख भारतीय संगीत महाकाव्यों में देखने और पढ़ने को मिलता है।

(1) मार्गी संगीत (2) देशी संगीत

मार्गी संगीत के विषय में कोई भी विस्तृत विवेचन नहीं मिलता तथापि प्राचीन

पांडुलिपियों में मार्गी संगीत को मोक्ष प्रदान करने वाला संगीत बताया गया है किन्तु देशी संगीत अपने विभिन्न स्वरूपों में आज भी जीवित है। ध्रुपद, धमार, ख्याल,तराना, सरगम गीत, लक्षण गीत, चित्रपट संगीत, लोकगीत, त्रिवट, चतुरंग आदि अनेकानेक प्रकार आज भी संगीत की विरासत को समृद्ध करते हैं।

शास्त्र की दृष्टि से देखा जाए तो ध्रुपद गायन संगीत की सबसे प्राचीन विधा है। यह बहुत ही गंभीरता एवं शुद्धता के साथ गाया जाता है। ध्रुपद गाने के लिए कलाकार को अनवरत साधना में लगे रहना पड़ता है। माना जाता है कि ध्रुपद का आविष्कार 15वीं शताब्दी में ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने किया था किंतु उसके बारे में कोई निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं है। स्वामी हरिदास, बैजूबावरा,सूरदास,रामदास,तानसेन आदि बहुत ही कुशल ध्रुपद गायक थे।

संगीत की सभी विधाओं में सुर,लय,ताल और स्वर का अत्यंत महत्व है। संगीत के बारह स्वरों को जब विविध स्वरूपों में गाया जाता है तो मधुर गीतों की उत्पत्ति होती है। हर विधा की तरह संगीत के भी कुछ नियम होते हैं जिनका अनुपालन करना संगीत की आराधना करने के समान है।

संक्षेप में कहा जाए तो संगीत स्वयं ईश्वर का प्रतिरूप है। फिर चाहे वह भगवान शिव का डमरू हो, माँ सरस्वती की वीणा हो, श्रीकृष्ण की बाँसुरी हो या महर्षि नारद की वीणा। संगीत ना केवल मनोरंजन अपितु आत्मिक और मानसिक शांति का भी पर्यायवाची है। अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए संगीत को ही माध्यम चुना है।

नृत्यं वाद्यानुगं प्रोक्तं गीतानुवृत्तिं च।

अतो गीतं प्रधानत्वाद्त्राSSदावभिधीयते।।

Mrs. Ritu Aggarwal resides in Meerut. She is a well trained culinary artist and is learning classical music.



# प्रभात

## लेखिका - श्रीमती बीना मेहरोत्रा, शाहजहाँपुर

एक नया सवेरा आया है
मन के दुखो को दूर करने
एक नई उम्मीद जगाने को
रोज सुबह एक नई ताजगी
आए अपना अधूरा वचन निभाने को
सूरज की किरणें भी छूट गई
फूल पत्ते भी खिल उठे है
ओस की बूंदे दिखाएं हुए
भोर-भए पक्षी जाग जाएं
अपने पर फैलाए खड़े हैं
अन्न का दाना ढूंढ़ने को
सब प्रभात फेरी को जाते

हरी-भरी घास पर चलते

शीतल हवा में  घूम आते

उगता है सूरज एक नई आस लेकर धरती  को रोशन करता

है विश्वास  देके

अब गमो  का सागर  न होगा

सबका जीवन उल्लास से भरा होगा

Mrs. Beena Mehrotra resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems and experiment to make new dishes.



# चरण स्पर्श का महत्व

## लेखिका - श्रीमती रजनी सेठ, शाहजहाँपुर

हमारी सनातन संस्कृति में अभिवादन करने के तरीके विनम्रता और समर्पण भाव प्रकट करते हैं। शास्त्रों के अनुसार देवता, गुरु, माता- पिता बुजुर्गों एवं बड़ों के चरण वंदन को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री राम नित्य प्रति सुबह सबसे पहले माता-पिता के चरणों में सर झुका कर आशीर्वाद प्राप्त करते थे। देवताओं में प्रथम पूज्य गणेश जी भी अपने माता-पिता के आशीर्वाद से ही बने।

जब कोई हमसे कम उम्र का व्यक्ति पैर छूता है तो ईश्वर का नाम लेकर मन से आशीर्वाद निकलता है जिससे उस व्यक्ति की समस्याएं खत्म होती हैं और यश कीर्ति बढ़ती है। नकारात्मक शक्तियों से उसकी रक्षा होती है।

चरण स्पर्श का वैज्ञानिक मत भी है। जब हम किसी के पैर छूते हैं तो हम अपने हाथों को उसके पैरों पर रखते हैं और वह व्यक्ति अपना आशीष पूर्ण हाथ हमारे सर पर रखता है तो इस तरह विधुत चुंबकीय ऊर्जा चक्र बन जाता है और वह उर्जा हमारे शरीर में प्रवाहित होती है। वैज्ञानिक न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत भी यही दर्शाता है ।

यह चुंबकीय उर्जा उतरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की ओर प्रवाहित होकर अपना चक्र पूरा करती है। शरीर के दक्षिणी ध्रुव का मतलब पैरों में यह उर्जा बहुत अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती है। पैरों से हाथो द्वारा इस ऊर्जा को ग्रहण करने की प्रक्रिया ही चरण स्पर्श कहलाती है।

चरण स्पर्श करने से बड़ों का आशीर्वाद सुरक्षा कवच का कार्य करता है और हमें अपने लक्ष्य को पाने का बल मिलता है। घुटनों के बल बैठकर साक्षात दंडवत करने से शरीर लचीला होता है । परंतु इसके विपरीत आज के शिक्षित व सभ्य समाज में प्रायः यह प्रथा लुप्त होती जा रही है। इसका स्थान हेलो, हाय, गुड मॉर्निंग के द्वारा बड़ों का सम्मान करने में प्रयोग किया जाता है। इसमें लोग अपनी वाह वाही समझते हैं। परंतु कुछ प्रांतों में यह प्रथा बहुत ही संस्कारी रूप में होती है। जिसमें राजस्थानी एवं राजपूती लोगों का चरण स्पर्श का तरीका सीखने योग्य होता है।

मेरे अनुसार बड़ों के पैर छूने से हमें हानि कम लाभ अधिक है। अतः हमें नई पीढ़ी को इस संस्कार के प्रति शिक्षित करना चाहिए।




Mrs. Rajni Seth has a keen interest in reading, writing poetry/articles in Hindi language. She also has great interest in singing old songs, gazals and bhajans.

# कसक

## लेखक - श्री पार्थ खन्ना, मुरादाबाद

तेरी ज़ुल्फ़ें रात से घनी थीं,
तेरी आँखें चाँद से बड़ी थीं,
तूं उस वक्त मेरे सामने,
घुंघराले बाल लेकर खड़ी थी।
मैं भी था बेसबर,
मोहब्बत थी बेशर्त,
तेरी मेरी नज़रों का मिलना,
वो भी क्या घड़ी थी।
बस एक कसक,
जो खाएं सी जा रही थी,
मोहब्बत भी उससे,
जो मुझसे 8 साल बड़ी थी।

Parth is a 21 year aspiring storyteller who wishes to change the perspective of human civilisation by pouring the ancient wisdom into the brackets of modern day storytelling.



# निर्गुण

## लेखिका - श्रीमती शबनम मेहरोत्रा, कानपुर

उमरिया निस दिन ढ़लती जाए,

उमरिया निस दिन ढ़लती जाए,

उम्र की पूंजी ज्यों ज्यों घाटे,

ये काया सिमटती जाए ,

उमरिया निस .......

उम्र की पूंजी बचते बचते कर लो सदुपयोग,

वरना अग्नि भस्म करेगी आएगा वह भी योग,

हरेक दिवस पर काल के जबड़े, काया सरकती जाए,

उम्र की पूँजी .....

धन दौलत सब रह जाएगी धरी रहेगी अटारी,
कल जब आएगा ले जाने करके भैंसा सवारी,
इस काया का छाया तक न संग लिपटती जाए,
उम्र की पूंजी.......

सदकर्मो से लोगों का दिल जीत सको तो जीत,
नाम रहेगा पीछे तेरे लोगों को बाँटो प्रीत,
शबनम ऐसा कर वर्षों ,
कुछ नैन बरसते जाए ,
उम्र की पूंजी ......

उमरिया निस दिन ढ़लती जाए ,
उमरिया निस दिन ढ़लती जाए,

श्रीमती शबनम मेहरोत्रा का जन्म १९४९ में जबलपुर नगर में सम्भ्रांत कुलीन व्यापारिक परिवार में हुआ।
प्रकाशित कृतियाँ- प्रेम पथ ( काव्य संग्रह)
साझा संग्रह - स्वर्णाभ (काव्य)
साझा संग्रह - दौर ए हयात (लघुकथा)
भावंजली कविता संग्रह व सुमन सुगंध साझा लघुकथा संग्रह



# स्वानुशासन

लेखिका - श्रीमती नीता कपूर, कानपुर

आजादी मिले बहुत वर्ष हुए

हम बहुत पहले आजाद हुए।

आजादी की वर्षगांठ मनाना है

तिरंगे को लहराना है।

जीवन में कुछ नियम अपनाना है

दूसरों से पहले स्वयं को जगाना है।

स्वयं पर करना है शासन

जीवन में लाना है अनुशासन।

अनुशासन है जीवन का अंग

इसको मत करना भंग।

हर पल इसको रखना साथ

तभी बनेगी सबकी बात।

कुछ ऐसा कर चलो
कि दुनिया करे तुमको याद।
सद्मार्ग पर चलकर दूसरों को दिखाना है
किसी एक को नहीं! चलाना ज़माना है।
स्वतः कुछ कर दूसरों को दो संदेश
परोपकार करके मन में मत लाना क्लेश।
जो बोवोगे वही काटोगे
ऊपर वाले से आखिर कहां भागोगे।
जब सब खुश होंगे तो देश में रहेगी खुशहाली
खिलेगी जहां की हर कली हर डाली।

Mrs. Nita Kapoor has been a teacher for 30 years, is a proficient tabla player and enjoys music, singing and poetry.



# आशा

## लेखिका - श्रीमती रंजना कपूर, दिल्ली

कुछ पाने की तमन्ना में,
बहुत कुछ खोती चली गई,
पीछे मुड़कर देखा तो,
सब को छोड़ती चली गई,
जाना भी चाहा पीछे तो आगे बहुत आ गई हूं मैं ,
अब मैंने माना ये चलते ही जाना है आगे ही आगे ,
अंधेरा पीछे की राहों मे भी था और आगे की राहों मे भी है तो क्यों न कुछ कर दिखाओ ,
अंधेरी राहों मे दीप जलाएं,
कुछ पाने की तमन्ना में बहुत कुछ खोती चली थी मैं,
पर जब दीप जलाए आशा के तो सब कुछ पाती चली गई मैं।

Ranjana Kapoor is a 52 years old homemaker, a rheumatoid arthritis patient and mother to two kids. She has a keen interest in planting. She has done Fashion Designing from YWCA and have been doing poetry since her teenage.



# IKMG Matrimonial Group

जो खत्री परिवार अपने बच्चों के लिए उपयुक्त सजातीय रिश्ता तलाश कर रहे हैं उनसे आग्रह है कि IKMG MATRIMONIAL GROUP से जुड़ें। हमारे ग्रुप में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मुंबई, नोएडा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के सदस्य जुड़े हुए हैं।

इसी के साथ कुछ खत्री परिवारों के लड़के विदेश में कार्यरत हैं, जैसे अमेरिका, लंदन, जर्मनी आदि, जो परिवार विदेश में कार्यरत लड़कों से रिश्ते के इच्छुक हों वे भी सम्पर्क कर सकते हैं।

जिन लड़के/लड़कियों की शिक्षा कम है व उम्र अधिक हो गई है किन्तु विवाह नहीं हो सका वे भी आमंत्रित हैं।

तलाकशुदा/विधवा भी पुनर्विवाह के लिए ग्रुप से जुड़ सकते हैं।

ग्रुप से जुड़ने के लिए अपना नाम व शहर का नाम intkmg@gmail.com पर ईमेल सकते हैं।

RAJ KHANNA, CHAIRMAN

IKMG LTD
Connecting people
who care..

IKMG LTD
Connecting people
who care..
Matrimonial group



# राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन

## लेखक - श्री पवन मेहरोत्रा, आगरा

आधुनिक भारत के प्रमुख स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे। वे 'राजर्षि' के नाम से भी विख्यात थे। उन्होंने अपना जीवन एक वकील के रूप में प्रारम्भ किया था। हिन्दी को आगे बढ़ाने और इसे राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के लिए पुरुषोत्तम दास जी ने काफ़ी प्रयास किये थे। वे हिन्दी को देश की आज़ादी के पहले आज़ादी प्राप्त करने का साधन मानते रहे और आज़ादी मिल जाने के बाद आज़ादी को बनाये रखने का। वर्ष 1950 में वे 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। पुरुषोत्तम दास टंडन को भारत के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में नयी चेतना, नयी लहर, नयी क्रान्ति पैदा करने वाला कर्मयोगी कहा गया है। वर्ष 1961 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया था।

### जन्म तथा शिक्षा

पुरुषोत्तम दास टंडन का जन्म 1 अगस्त, 1882 को उत्तर प्रदेश के प्राचीनतम और धार्मिक शहर इलाहाबाद में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय 'सिटी एंग्लो

वर्नाक्यूलर विद्यालय' में हुई थी। इसके बाद उन्होंने एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की और एम.ए. इतिहास विषय से किया। वर्ष 1906 में वकालत की प्रैक्टिस के लिए पुरुषोत्तम जी ने 'इलाहाबाद उच्च न्यायालय' में काम करना शुरू किया।

## विद्यार्थीजीवन

पुरुषोत्तम जी के व्यक्तित्व का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष उनका विधायी जीवन था, जिसमें वह आज़ादी के पूर्व एक दशक से भी अधिक समय तक उत्तर प्रदेश की विधानसभा के अध्यक्ष रहे। वे विधान सभा, लोक सभा और राज्य सभा के भी सदस्य रहे थे। वे समर्पित राजनयिक, हिन्दी के अनन्य सेवक, कर्मठ पत्रकार, तेजस्वी वक्ता और समाज सुधारक थे।

## क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत

पुरुषोत्तम दास टंडन ने 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के साथ वर्ष 1899 से ही काम करना शुरु कर दिया था। क्रांतिकारी कार्यकलापों के कारण उन्हें 'इलाहाबाद विश्वविद्यालय' के 'म्योर सेन्ट्रल कॉलेज' से निष्कासित कर दिया गया था। बाद में 1903 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने एक अन्य कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की। वर्ष 1919 में देश

को झकझोर कर रख देने वाली घटना 'जलियाँवाला बाग़ हत्याकांड' का अध्ययन करने वाली कांग्रेस पार्टी की समिति के वह एक सदस्य बनाये गए थे। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के कहने पर पुरुषोत्तम जी ने वकालत को छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। उन्होंने 'रॉलेट एक्ट' विरोधी सत्याग्रह में सक्रियता से भाग लिया।

## जेल यात्रा व आन्दोलन

वर्ष 1930 में महात्मा गाँधी द्वारा चलाये जा रहे 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के सिलसिले में वे बस्ती में गिरफ्तार हुए और उन्हें कारावास का दण्ड मिला। बाद के समय में उन्होंने इलाहाबाद में 'कृषक आन्दोलन' का संचालन किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का संचालन किया। किसानों में लगान की न अदायगी का आन्दोलन भी चलाया। वे संयुक्त प्रांत व्यवस्थापिका परिषद् के सदस्य बने तथा 1937 ई. में इसके अध्यक्ष भी नियुक्त हुए। पुरुषोत्तम दास टंडन ने भारत के विभाजन का डटकर विरोध किया। 1931 में लंदन में आयोजित 'गोलमेज सम्मेलन' से गाँधीजी के वापस लौटने से पहले जिन स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार किया गया था, उनमें जवाहर लाल नेहरू के साथ पुरुषोत्तम दास टंडन भी थे। उन्होंने बिहार में कृषि को बढ़ावा देने के लिए काफ़ी कार्य किए थे। वर्ष 1933 में वे बिहार की 'प्रादेशिक किसान सभा' के

अध्यक्ष चुने गए थे। 'बिहार किसान आंदोलन' के साथ सहानुभूति रखते हुए उन्होंने विकास के अनेक कार्य सम्पन्न कराये।

## कांग्रेस से त्यागपत्र

वर्ष 1951 ई. में पुरुषोत्तम दास टंडन कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये गये थे, किंतु इस पद पर वे अधिक समय तक नहीं रहे। क्योंकि बाद के समय में भाषायी राज्यों के सम्बन्ध में कांग्रेस से उनका मतभेद हो गया। मतभेद हो जाने के कारण उन्होंने कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया।

## हिन्दी के पक्षधर

पुरुषोत्तम जी हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के प्रबल समर्थक थे और इसको आगे बढ़ाने और राष्ट्रभाषा का स्थान देने के लिए काफ़ी प्रयास कर रहे थे। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन  ने 10 अक्टूबर, 1910 को 'नागरी प्रचारिणी सभा', वाराणसी के प्रांगण में 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की स्थापना की। इसी क्रम में 1918 में उन्होंने 'हिन्दी विद्यापीठ' और 1947 में 'हिन्दी रक्षक दल' की स्थापना की। वे हिन्दी को देश की आज़ादी के पहले 'आज़ादी प्राप्त करने का' और आज़ादी के बाद 'आज़ादी को बनाये रखने का' एक



बड़ा साधन मानते थे।' पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी के प्रबल पक्षधर थे। वह हिन्दी में भारत की मिट्टी की सुगंध महसूस करते थे। 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' के 'इंदौर अधिवेशन' में स्पष्ट घोषणा की गई थी कि- "अब से राजकीय सभाओं, कांग्रेस की प्रांतीय सभाओं और अन्य सम्मेलनों में अंग्रेज़ी का एक शब्द भी सुनाई न पड़े।

## राजनीतिक सफलताएँ

भारत की आज़ादी के बाद 1951 में हुए देश के पहले चुनाव में पाँच प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे। इसके बाद 1952 में हुए उप-चुनाव में इलाहाबाद पश्चिम में कांग्रेस के पुरुषोत्तम दास टंडन निर्विरोध विजयी हुए। वर्ष 1962 में टिहरी गढ़वाल से वहाँ के राजा मानवेंद्रशाह ने जब चुनाव लड़ने का फैसला किया तो पुरुषोत्तम दास टंडन के मुकाबले कोई प्रत्याशी आगे नहीं आया। इस चुनाव में 'जनसंघ' के रंगीलाल ने परचा भरा था, लेकिन बाद में उन्होंने भी पर्चा वापस ले लिया।

## कार्यकाल

आज़ादी के बाद पुरुषोत्तम दास टंडन ने उत्तर प्रदेश की विधान सभा के प्रवक्ता के रूप में तेरह साल तक काम किया। 31 जुलाई, 1937 से लेकर 10 अगस्त, 1950 तक के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने विधान सभा को कई बार संबोधित किया।

## पुरस्कार

वर्ष 1961 में हिन्दी भाषा को देश में अग्रणी स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया। 23 अप्रैल, 1961 को उन्हें भारत सरकार द्वारा 'भारत रत्न' की उपाधि से विभूषित किया गया।

## निधन

राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए समर्पित पुरुषोत्तम दास टंडन जी का निधन 1 जुलाई, 1962 को हुआ।

## प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का कथन

राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का हिन्दी के साथ-साथ गोहत्या बन्द न किए जाने, शराब

को राजस्व का साधन बनाए रखने तथा "धर्मनिरपेक्षता" की आड़ में पाठ पुस्तकों में से धार्मिक-नैतिक प्रेरणा देने वाली सामग्री हटाये जाने जैसे विषयों पर कांग्रेस से निरन्तर विरोध रहा। पौराणिक साहित्यकार के मर्मज्ञ, महान् गोभक्त संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का टंडन जी से निकट का आत्मीय सम्बंध था। टंडन जी के गोलोकवासी होने के बाद प्रभुदत्त जी ने "कल्याण" पत्रिका में पुरुषोत्तम दास टंडन के संस्मरण में लिखा था कि- "वे मुझे अपनी सब बातें हृदय खोलकर बताते थे। कहते थे कि एक बार चित्रकूट के कुछ लोग मालवीय जी के पास आये और कहने लगे- "महाराज! हमारे यहाँ गाय का वध होता है।" मालवीय जी ने मुझे वहाँ भेजा। मैंने वहाँ जाकर पूछा- "गऊ को क्यों मारते हो?" उन दिनों गोमांस को मुस्लिम भी नहीं खाते थे। चमड़े के लिए गोवध करते थे। मांस को तो वे फेंक भी देते थे। उसी दिन मैंने चमड़े के जूते न पहनने की प्रतिज्ञा की।



श्री पवन मेहरोत्रा आगरा के निवासी हैं और एक कुशल वास्तु व अंकशास्त्र विशेषज्ञ हैं I

# KITCHEN Tales

# मूंग की दाल के रसाजे

## श्रीमती पूनम टंडन द्वारा बनाने की विधि

## सामग्री

दो कटोरी मूंग की दाल

अदरक का एक टुकड़ा

चार पांच हरी मिर्च

एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर

चाट मसाला

दो चम्मच धनिया पाउडर

नमक स्वादानुसार

तलने के लिए तेल

दो कटोरी दही



# बनाने की विधि

मूंग दाल को दो घंटे पानी में भिगोकर रखें। मिक्सी में अदरक हरी मिर्च डालकर अच्छी तरह पीस लें ज्यादा पतली न करें।

गैस पर कढ़ाई चढ़ाकर दो चम्मच तेल डालकर गरम होने पर पिसी दाल डालें उसमें नमक, मिर्च पाउडर, थोड़ा चाट मसाला व पिसी धनिया पाउडर मिलाकर कढ़ाई में डालकर चलाएं गाढा होने तक चलाए व एक थाली में तेल लगाकर दाल को फैला देंगे जैसे बरफी जमाई जाती है। ठंडी होने पर चाकू से बर्फी के आकार का काट लें फिर कढ़ाई में तेल गरम करें और कटे हुए टुकड़ों को गुलाबी जैसा तल लें व प्लेट में निकाल लें। ऊपर से कटी धनिया डालें हरी चटनी व टोमेटो सास के साथ परोसें।

इसी को दूसरे प्रकार से भी बनाया जाता है। दही को फेंट लें और इन टुकड़ों को दही में डालकर ऊपर से नमक, पिसा जीरा पाउडर व धनियां पत्ती डालकर दही बड़े का भी आनंद ले सकते हैं एक चीज दो स्वाद।



Mrs. Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.

# संतरे की लाजवाब  खीर

## श्रीमती बीना मेहरोत्रा द्वारा बनाने की विधि

आ गए  आपके  शहर में नागपुर  के महाराजा संतरा जी अपनी पत्नी नारंगी  देवी के साथ।

## सामग्री



- 4 संतरे पीले वाले
- मिल्क मेड का डब्बा
- चीनी, इलायची  छोटी 4
- पिस्ता व बादाम महीन  महीन कटा हुआ
- एक लीटर दूध
- वर्क  ऊपर से सजाने के लिए

# बनाने की विधि

1- सबसे पहले संतरे को छील लें, फिर उसकी फांकों को छीलकर उसका गूदा निकाल लें।

2- अब एक कढ़ाई मे दूध उबलने रख दीजिए।

3-जब दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए तो उसमें मिल्क मेड मिला दें और लगातार चलाते रहिए।

4- अब उसे गैस से उतार कर ठंडा होने दें और एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें।

5- फ्रिज से निकाल कर थोड़ी कटी मेवा मिला दें व उसको कलछी से चला दें।

6- अब उसमें संतरे की फांकों को छोटे टुकड़ों में काट कर डाल दें।

अब ऊपर से कटे महीन मेवे से सजा कर वर्क लगा दें।

अब आपकी संतरे की लाजवाब खीर रानी तैयार है।

ठंडी ठंडी खीर अपने प्यारे मेहमानों को सर्व करें।

Mrs. Beena Mehrotra resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems and experiment to make new dishes.




OUR
PROUDEST
MOMENTS

# Father's day celebration by Agra unit





**IKMG AGRA UNIT**

A UNIT OF
INTERNATIONAL KHATTRI MAHASABHA GROUP LTD.,
LONDON (REGD.)
www.ikmgglobal.org

## Father's Day Celebration

*Father is A son's first hero, A daughter's first love*

**19th June 2022**

*We are honoured to felicitate*

***Mr R.N Tandon***

*On father's day.*
*we pray for your good health and happiness.*
*The power of a dad in a child's Life is unmatched.*

| | | | |
|---|---|---|---|
| Mrs. Chhavi Mehrotra | Dr. Shonu Mehrotraa | Mr. Raj Khanna | Mr. Pawan Mehrotra |
| President | Director | Founder Chairman | Vice President |

# The Art Corner

# Artwork

## Artist: Mrs. Rachna Arora, Delhi



Rachna Arora is a homemaker and resides in Delhi. She enjoys cooking and art work in her leisure time.



# She

## Artist: Ms. Ambika Arora, Sitapur






Ambika Arora is a student of Class 12th and enjoys drawing and painting in her leisure time.

# Butterfly

## Artist: Ms. Akshita Tandon, Shahjahanpur



Ambika Arora is a student of Class 7 and enjoys reading novels, dancing and drawing.



# Together we can

## Artist: Ms. Pranvi Seth, Shahjahanpur




Pranvi Seth lives in Shahjahanpur UP . She is 10 years old and studies in class 5. She enjoys to spend her free time in sketching , dancing and singing.



# Radha-Krishna Leela

## Artist: Mrs. Ranju Gupta, Meerut





रंजू गुप्ता गणित की शिक्षिका हैं और पिछले कुछ वर्षो से भारत सोका गक्कई संगठन से जुडी हुई हैं। इस संगठन से जुड़ने के बाद आपके जीवन को एक नई दिशा मिली और वहीं से प्रेरणा पाकर ही आपने लेखन और आर्ट कार्य प्रारम्भ किया।


Love
my
Style


Happy Birthday
Archana Mehrotra
Lucknow


Poonam Tandon
Shahjahanpur




**patrika@ikmgglobal.org**

**+91 9958363661**

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*